# वो लड़का जिसे लाइब्रेरियंस ने बड़ा किया

कार्ला मॉरिस

चित्र: ब्रैड स्नेड



मेल्विन, लिविंगस्टन पब्लिक लाइब्रेरी में रहता था.

देखो ... वो वास्तव में वहाँ नहीं रहता था. लेकिन वो लाइब्रेरी में अपना बहुत सारा समय बिताता था.

लाइब्रेरी में हर चीज का अपना स्थान होता है और मेल्विन को वो बहुत पसंद था. उसके पसंदीदा लोग—मार्ज, बेट्टी, और लीओला—डेस्क के पीछे हमेशा अपनी-अपनी जगहों पर होते थे.

जब मेल्विन को कोई चीज पसंद आती, तो लाइब्रेरियंस उस विषय के बारे में सबसे अच्छी जानकारी खोजने में उसकी मदद करते थे.

जब मेल्विन ने कांच के जार में कुछ अजीब कीड़े इकट्ठे किये, तो उन्होंने उन्हें पहचानने, वर्गीकृत करने और उन्हें सूचीबद्ध करने में मेल्विन की मदद की.

जब मेल्विन ने स्कूल के नाटक में "विशाल बैंगन" का रोल निभाया तो लाइब्रेरियंस ने मेल्विन को प्रेरणा खोजने में मदद की.


मेल्विन को लाइब्रेरी में हमेशा अपने सवालों के जवाब मिल जाता था—और वहां वो ढेर सारी मस्ती भी करता था. फिर एक दिन मेल्विन नई चीजें सीखने और नई किताबें पढ़ने के लिए कॉलेज चला गया. क्या मेल्विन ने पुस्तकालय और अपने दोस्तों को हमेशा के लिए पीछे छोड़ दिया?

# वो लड़का जिसे लाइब्रेरियंस ने बड़ा किया





कार्ला मॉरिस

चित्र: ब्रैड स्नेड




मेल्विन लिविंगस्टन पब्लिक लाइब्रेरी में रहता था.

देखो ... वो वास्तव में वहाँ नहीं रहता था. लेकिन वो लाइब्रेरी में अपना बहुत सारा समय बिताता था.




ऐसा नहीं वो थोड़ा बहुत जानना चाहता था... नहीं.... वो हर चीज के बारे में बहुत कुछ जानना चाहता था. वो बेहद उत्सुक था. और किसी भी जिज्ञासु व्यक्ति के लिए पुस्तकालय एक अद्भुत जगह होती है.

पुस्तकालय में हर चीज का अपना स्थान था, जो मेल्विन को पसंद था. उसकी पसंदीदा पुस्तकें हमेशा अपने स्थान पर पंक्तिबद्ध तरीके से अल्मारियों में सजी होती थीं. और उसके पसंदीदा लोग हमेशा डेस्क के पीछे, अपने-अपने स्थानों पर बैठे होते थे.



जब मेल्विन बहुत छोटा था, तभी से वो हर दिन स्कूल के बाद लाइब्रेरी जाने लगा.

वो हर बार संदर्भ सेक्शन के लाइब्रेरियंस के साथ बातचीत करने के लिए रुकता था. लाइब्रेरियंस उसे देखकर हमेशा प्रसन्न होते थे.

"हेलो मेल्विन!" मार्ज ने कहा.

"आज स्कूल कैसा रहा?" बेट्टी ने पूछा.

"बाहर का मौसम कैसा है?" लीओला से पूछा.

मेल्विन, लाइब्रेरियंस से प्यार करता था. जिस चीज में उसकी दिलचस्पी थी, उसमें लाइब्रेरियंस की भी दिलचस्पी थी.

"मुझे सांपों के बारे में कुछ जानकारी कहां मिल सकती है?" उसने एक दोपहर पूछा.

"ठीक है," मार्ज ने कहा. "तुम क्या अकेले सांप को पालना चाहोगे? उसके लिए यहां एक बेहतरीन किताब है: "रेज़िंग स्नेक इन योर बाथटब."



बेट्टी ने कहा, "देखो एक कला और शिल्प की किताब भी है: सांप के चमड़े का पर्स, जूते और अन्य सामान बनाने के बारे में."

"अरे! साँपों पर कवितायें भी हैं," लीओला ने जोड़ा, और उसने मेल्विन के लिए बयालीस सांप सम्बन्धी वेबसाइटें खोज निकालीं.

लाइब्रेरियंस ऐसे ही होते हैं. वे इसी तरह मदद करते हैं. और इसीलिए मेल्विन उनसे प्यार करता था.



पहली कक्षा में, मेल्विन और उसकी कक्षा एक फील्ड ट्रिप पर गई...एक असली फील्ड ट्रिप पर.

दोपहर को वो अपने दोस्तों को अपना खजाना दिखाने के लिए पुस्तकालय की ओर भागा - उसके हाथ में कांच का एक बड़ा जार था जो भिन्न प्रकार के कीड़ों से भरा हुआ था.

"देखो मेरे पास क्या है!" वो चिल्लाया जैसे ही वो पुस्तकालय के दरवाज़े से अंदर घुसा. "क्या आप उन्हें पहचानने में मेरी मदद कर सकते हैं?"






मेल्विन फिसल गया.

और जार का सामान पूरे कमरे में फ़ैल गया.

लिविंगस्टन पब्लिक लाइब्रेरी में सत्तासी कैटरपिलर और कीड़े-मकौड़े रेंग रहे थे!





मार्ज, बेट्टी और लीओला ने जल्दी से एक आपातकालीन बचाव दल बनाया. कीड़े-मकौड़ों को बीस मिनट के भीतर ही इकठ्ठा करके उन्हें पहचाना, वर्गीकृत और सूचीबद्ध किया गया.

"आपने यह सब इतनी जल्दी कैसे किया?" मेल्विन ने पूछा.

"हम ऐसे ही करते हैं," लीओला ने समझाया.

"जब हम अराजकता देखते हैं ..." बेट्टी ने शुरू किया, "तब ...हम चीज़ों को व्यवस्थित और सूचीबद्ध करते हैं," मार्ज ने कहा.

"यह हमारे स्वभाव में है." फिर उसने "ए फील्ड गाइड टू इंसेक्ट्स" पुस्तक निकाली और मेल्विन को सौंप दी.

माफी माँगने के लिए, मेल्विन ने लाइब्रेरियंस को फूलों का एक प्यारा सा गुलदस्ता भेंट किया. वो फूल उसने लाइब्रेरी के बगीचे से ही चुने.



फिर वो लाइब्रेरी डेस्क के बगल में मछलियों के एक्वेरियम का निरीक्षण करने के लिए रुका.

"अपना हाथ फिश टैंक में मत डालो," मार्ज ने उसे चेतावनी दी.



"लेकिन मैं सोच रहा था," मेल्विन ने कहा, "पूरी दुनिया में और सभी झीलों, नदियों और समुद्रों में, कुल कितनी प्रकार की मछलियाँ होंगी? और सभी कुत्तों और बिल्लियों और घरों के साथ, और कारों और ट्रैक्टरों के साथ इस पूरी दुनिया का वजन कितना होगा?"

लाइब्रेरियंस अन्य पाठकों के साथ बहुत व्यस्त थे, लेकिन लीओला को पता था कि मेल्विन को अपने प्रश्नों के कुछ उत्तर कहाँ मिलेंगे. वो मेल्विन के साथ कंप्यूटर पर बैठी और उन्होंने एक-साथ उत्तर ढूंढे.

वो इसमें मदद कोई नहीं कर सका. लाइब्रेरियंस ऐसे ही होते हैं.



दूसरी कक्षा में, मेल्विन ने स्कूल नाटक "विशाल बैंगन" में एक रोल निभाया. उसने लाइब्रेरियंस के साथ अपने पात्र का अभ्यास किया.

"तुम उस लाइन को फिर से दोहराओ," लीओला ने नए कैलडकोट पुरस्कार विजेताओं की किताबें सजाते हुए कहा.


"ऑडिटोरियम के पीछे अपनी आवाज को फेंकने की कोशिश करो," मार्ज ने तेज और स्पष्ट आवाज में कहा.

"लेकिन स्वाभाविक बने रहो!" बेट्टी ने कहा. "ऐसा दिखने की कोशिश करें कि तुम अभिनय नहीं कर रहे हो." उसने "जैविक बागवानी पत्रिका" से जोर से पढ़ा ताकि मेल्विन को अपनी प्रेरणा खोजने में मदद मिल सके.




दर्शकों ने "विशाल बैंगन" की भूरि-भूरि तारीफ़ की.

मेल्विन ने पुस्तकालय के सभी कार्यक्रमों में भाग लिया. गर्मियों की छुट्टियों में वो "रीडिंग प्रोग्राम" पूरा करने वाला हमेशा पहला बालक होता था. उसे स्कूल के बाद के विशेष प्रोग्राम, बुक क्लब और रात की फ़िल्में बहुत पसंद आती थीं. वो सभी कार्यक्रमों में आता था, चाहे समय कोई भी हो.



लेकिन "लाइब्रेरी में रात बिताने वाली पार्टी" सबसे अच्छी होती थी! क्योंकि सोने से पहले बेट्टी, बच्चों को कहानी पढ़कर सुनाती थी.







मेल्विन अपने स्लीपिंग बैग में एक एनसाइक्लोपीडिया के साथ लेटा होता था. हजारों किताबों से घिरे होने के कारण वो खुद को अमीर और खुशनसीब महसूस करता था.

तीसरी कक्षा में, मेल्विन ने बेसबॉल कार्ड संग्रह शुरू किया. वो पुस्तकालय में एक टेबल पर अपने कार्ड फैलाता था और उन्हें टीमों, खिलाड़ियों आदि समूहों में व्यवस्थित करता था.




बेट्टी ने मेल्विन को दिखाया कि कैसे कार्डों को एसिड-मुक्त, बक्सों में संग्रहित किया जाता है, और लीओला ने उसे इंटरनेट पर एक मूल्य-सूची दिखाई. उन्हें वो करना ही था. लाइब्रेरियंस ऐसे ही होते हैं.







चौथी कक्षा में, मेल्विन ने "स्पेलिंग बी" प्रतियोगिता में भाग लिया. मार्ज ने सुझाव दिया कि वो स्कूल के बाद हर दिन शब्दों को जानने के लिए 100वां संस्करण पढ़ें.

इसमें आश्चर्य नहीं कि मेल्विन ने उसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया.



पांचवीं कक्षा में, मेल्विन ने सोलर सिस्टम संस्था द्वारा आयोजित “हरेक शहर जानो” प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर दोनों ट्राफियां जीतीं.

मार्ज, बेट्टी और लीओला को उस पर बहुत गर्व था. वे उसमें उसकी कोई मदद नहीं कर पाए. लाइब्रेरियंस ऐसे ही होते हैं.



छठी कक्षा में, मेल्विन ने असाधारण, पूरी तरह से आउट-ऑफ-योर-माइंड साइंस फेयर में प्रवेश किया. लाइब्रेरियंस ने उसकी उन सभी परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद की. मेल्विन ने उसमें भी एक पदक जीता.

सातवीं कक्षा में, मेल्विन ने "विज्ञान प्रतियोगिता" में भाग लिया. मार्ज, बेट्टी और लीओला को बेहद गर्व हुआ क्योंकि मेल्विन ने इतनी तेजी से सवालों के जवाब दिए कि उसके स्कोर रखने वाले कंप्यूटर का सर्किट ही उड़ गया.

हर दिन स्कूल के बाद, साल-दर-साल, मेल्विन लाइब्रेरी में आता रहा. जब वो हाई स्कूल में था, तो उसने वहाँ पर पार्ट टाइम नौकरी भी की.




मार्ज, बेट्टी और लीओला, मेल्विन के स्नातक होने पर गर्व और खुशी से रोए. "वो हमारा लड़का है," मार्ज ने कहा. "हमने उसकी सीखने में मदद की," बेट्टी ने कहा. "देखो, वे सभी किताबें," लीओला ने कहा.



मेल्विन, कॉलेज जाने के बाद भी, लिविंगस्टन लाइब्रेरी और अपने लाइब्रेरियंस दोस्तों को याद करता था. वो उन्हें उन किताबों के बारे में पत्र और ई-मेल लिखता था जो वो पढ़ रहा था और जो चीजें वो सीख रहा था.





वर्षों बाद, लिविंगस्टन पब्लिक लाइब्रेरी में एक और लड़का आया ... और उसे भी लाइब्रेरी से प्यार हो गया.

"हेलो, स्टर्लिंग," मार्ज ने कहा.

"तुम्हारी फील्ड ट्रिप कैसी रही?" बेट्टी ने पूछा.

"क्या तुम्हें उन कीड़ों को पहचानने में कुछ मदद चाहिए?" लीओला से पूछा.



"हम तुरंत उनकी पहचान करके उन्हें व्यवस्थित तरीके से कैटलॉग कर सकते हैं. हम क्या करें?" लिविंगस्टन के नए लाइब्रेरियन ने कहा, “देखो, हम ऐसे ही हैं!"


REDLEGGED GRASSHOPPER
Melanoplus femurrubrum